अमृतसर भास्कर

अमृतसर | शनिवार, 29 सितंबर, 2018

dainikbhaskar.com

दैनिक भास्कर
पंजाब का इकलौता आज़ाद सोच वाला अखबार

अमृतसर देश का पहला सिटी

लॉरेंस रोड चौक और माल रोड पर लगाए गए 6 स्मार्ट सेंसर, नो पार्किंग जोन पर गाड़ी खड़ी की तो ट्रैफिक पुलिस को मोबाइल पर जाएगा मैसेज, कटेगा चालान

भास्कर न्यूज़ | अमृतसर

लॉरेंस रोड चौक और माल रोड पर नो पार्किंग जोन पर गाड़ी खड़ी करते ही चालान कटेगा। अमृतसर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शुक्रवार को दोनों जगहों पर 3-3 (कुल-6) स्मार्ट पार्किंग सेंसर लगाए गए हैं। अमृतसर देश का पहला शहर है, जहां यह सेंसर स्थापित किए गए हैं। पायलट प्रोजेक्ट के सफल होने के बाद शहर में अन्य जगहों पर भी ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने के लिए यह सेंसर लगाए जाएंगे। लो पावर सेंसर की बैटरी लाइफ 5 से 6 साल की है और इसमें सिम कार्ड की जरूरत नहीं पड़ती। प्रोजेक्ट की सीईओ दीप्ति उप्पल (आईएएस) की देखरेख में चल रहे प्रोजेक्ट के तहत स्मार्ट रोड और जंक्शन भी बनाए जाएंगे।

शहर के विभिन्न हिस्सों में सेंसर फिट होंगे, ट्रैफिक व्यवस्था सुधरेगी

नो पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ी स्मार्ट पार्किंग सेंसर की रेंज में आ जाएगी और ट्रैफिक पुलिस के मोबाइल पर मैसेज चला जाएगा। जिसके बाद संबंधित गाड़ी का चालान काटा जाएगा। एडीसीपी हेड-क्वार्टर गौरव तूरा ने बताया कि अमृतसर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत आने वाले दिनों में शहर के विभिन्न हिस्सों में यह सेंसर फिट किए जाएंगे। नो पार्किंग जोन में गाड़ियां खड़ी होने से ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ती है। ऐसे में अब इस समस्या से निपटने के लिए टैक्नोलॉजी का सहारा लिया गया है। अब सेंसर के माध्यम से मैसेज मिलते ही ट्रैफिक विंग के मुलाजिम तुरंत वहां से गाड़ी हटाकर रास्ता क्लियर कर देंगे और रांग पार्किंग करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सरबसांझी गुरबाणी

हे भाई! तुम्हारे नाम में जुड़ कर मेरे अंदर आत्मिक जीवन पैदा होता है, मेरे मन में खुशी पैदा होती है। परमात्मा का नाम सदा रहने वाला है, प्रभु गुणों का खजाना है और धरती के जीवों के दिल की जानने वाला है। गुरु का बख्शा बयान बताता है कि सृजनहार प्रभु बेअंत है, जिसने यह सृष्टि पैदा की है, वही इसका नाश करता है। जब उसके हुकम में भेजा हुआ मौत का संदेश आता है तो उसे कोई वापस नहीं कर सकता।

महल्ला पहला | अंग 688

आज और रविवार को खुले रहेंगे प्रॉपर्टी टैक्स काउंटर

अमृतसर | प्रापर्टी टैक्स करदाताओं की भीड़ के देखते हुए नगर निगम ने शनिवार और रविवार को भी टैक्स कलैक्शन काउंटर खुलने रखने का फैसला लिया है। जिसके तहत कंपनी बाग, छेहर्टा जोनल दफ्तरों के अलावा रंजीत एवेन्यू दफ्तर में सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक प्रापर्टी टैक्स जमा करवाया जा सकेगा। वित्तीय वर्ष 2018-19 का प्रापर्टी टैक्स 30 सितंबर तक जमा करवाकर 10 फीसदी रिबेट हासिल का जी सकती है। निगम के गल्ले में अभी तक 1039 करदाता 11 करोड़ से ज्यादा प्रापर्टी टैक्स जमा करवा चुके हैं।

पीड़िता के ससुर की रिट पर हाईकोर्ट ने सरकार, डीजीपी, एसएसपी से 2 नवंबर को मांगा जवाब

24 घंटे में ज्यादती करने वाले पुलिसवालों के नाम डीजीपी को नहीं बता पाए एसएसपी

भास्कर न्यूज़ | अमृतसर

हलका मजीठा के गांव शहजादा में पुलिस की ओर से महिला जसविंदर कौर को गाड़ी की छत पर बैठा करीब 3 किलोमीटर तक जब्री घुमाने के खिलाफ जांच की मांग पर पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार, डीजीपी सुरेश अरोड़ा, एसएसपी परमपाल सिंह और संबंधित पुलिस अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस दया चौधरी ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए अगली तारीख दो नवंबर तय की है।

महिला को जब्री गाड़ी की छत पर घुमाया

डीजीपी ने वीरवार को 24 घंटे में एसएसपी देहाती परमपाल सिंह से मामले में जुड़े पुलिस वालों के नाम मांगे थे, जो कि एसएसपी शुक्रवार को नहीं दे पाए। इस संबंध में एसएसपी का कहना है कि संबंधित पुलिस वालों के नामों की लिस्ट शनिवार शाम तक को डीजीपी को सब्मिट कर देंगे। वहीं उन्होंने शुक्रवार को डीजीपी को लिख कर भेजा है कि मामला महिला से जुड़ा होने के कारण इसकी जांच महिला अधिकारी से करवाई जाए।

48 घंटे की मोहलत आज खत्म होगी | केस रद्द न हुआ तो सोमवार को हाईवे जाम : बलवंत

मेरी पहचान के व्यक्ति पर झूठा केस, उसमें फंसाने का प्रयास : बलवंत सिंह

महिला के ससुर बलवंत सिंह की तरफ से याचिका दायर कर घटना की जांच सीनियर आईपीएस अधिकारी की देख-रेख में स्पेशल इनवेस्टीगेशन टीम (एसआईटी) से कराने की मांग की गई है। साथ ही परिवार के जान माल की सुरक्षा भी सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया कि पुलिस ने जबरन घर में घुस कर बहू जसविंदर कौर को साथ चलने को कहा। जसविंदर को जबरन गाड़ी की छत पर बैठा 3 किलोमीटर तक घुमाया गया। याचिका में कहा गया कि पुलिस ने उनकी पहचान के किसी व्यक्ति पर झूठा केस दर्ज किया और इस मामले में उन्हें भी फंसाने के लिए थाने चलने को कहा था।

एसएसपी परमपाल सिंह ने वीरवार को पीड़ित परिवार की ओर से कत्थूनंगल थाना के बाहर धरना दिए जाने के बाद 48 घंटे में परिवार पर दर्ज केस रद्द करने का भरोसा दिया था। यह मोहलत शनिवार को खत्म हो जाएगी। महिला के ससुर बलवंत सिंह और उनके दोस्त का कहना है कि अगर पुलिस ने अपने परिवार पर दर्ज केस रद्द नहीं किया तो सोमवार को कत्थूनंगल के पास हाईवे जाम करेंगे।

जसविंदर से अस्पताल में मिले वेरका

कांग्रेस के विधायक राजकुमार वेरका ने शुक्रवार को गुरु नानक देव अस्पताल में पीड़िता का हाल जाना। उन्होंने कहा कि वह आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह और डीजीपी सुरेश अरोड़ा से बात करेंगे।

परिवार पर लगाई 7 धाराएं, वहीं पुलिस मुलाजिमों पर दो धाराएं, उनमें भी मैक्सिमम सजा 3 साल:

पुलिस ने शुक्रवार को 7 अज्ञात पुलिस कर्मियों पर दर्ज झगड़े के केस में एक और धारा 325 को जोड़ दिया। यह धारा तब लगाई जाती है अगर कोई किसी को गंभीर चोट पहुंचाए। यह मामला समझौतावादी होता है। साथ ही यह जमानती अपराधी भी है। इसमें मैक्सिमम 3 साल की सजा ही हो सकती है। इससे पहले मामले में धारा 323 भी लगाई गई थी। कत्थूनंगल पुलिस ने जसविंदर के पति गुरविंदर सिंह, उसके ताया कुलवंत सिंह, ताया के बेटे जगदीश सिंह, पड़ोसी प्रगट सिंह, सोनू, ननद संदीप कौर और जसविंदर कौर पर कुल सात धाराओं 307, 148, 149, 332, 353, 186, 427 के तहत केस दर्ज किया था।

डीए सपी, इंस्पेक्टर और सब-इंस्पेक्टर 4 अक्टूबर को महिला आयोग में होंगे पेश : मामले में पंजाब महिला कमीशन की चेयरमैन मनीषा गुलाटी ने डीएसपी लखविंदर सिंह, इंस्पेक्टर अरविंदर सिंह और सब-इंस्पेक्टर मनोज कुमार को 4 अक्टूबर को अपने दफ्तर चंडीगढ़ में तलब किया है।

बंद रही सभी केमिस्ट शॉप्स मरीज दवाओं के लिए भटके

ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में देशव्यापी हड़ताल

भास्कर न्यूज़ | अमृतसर

केमिस्टों की दुकानों पर की जा रही कथित बेवजह छापेमारी और दवाओं की ऑनलाइन बिक्री के खिलाफ शुक्रवार को राष्ट्रव्यापी बंद के तहत अमृतसर में भी दवा की दुकानें मुकम्मल रूप से बंद रहीं। हालांकि सेहत विभाग तथा सरकारी अस्पतालों ने दवाओं का पहले ही बंदोबस्त किया था, लेकिन फिर भी मरीजों को दवा की किल्लत से जूझना पड़ा। हालांकि सरकारी अस्पताल प्रबंधन ने पहले से ही काफी व्यवस्था की थी, लेकिन फिर भी लोग दवा के लिए भटकते रहे। गुरु नानक देव अस्पताल, सिविल अस्पताल, टीबी अस्पताल आदि के बाहर की सभी दुकानें बंद रहीं। टीबी अस्पताल में भीतर से जो फ्री दवाएं मिलीं मरीजों को उसी पर संतोष करना पड़ा। उक्त दूसरे अस्पतालों की बात करें तो मरीजों ने कई जगहों पर प्राइवेट अस्पतालों के भीतर की दुकानों से जाकर दवाएं लीं। हालांकि इस संदर्भ में गुरु नानक देव अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. सुरिंदर पाल तथा सिविल सर्जन डॉ. हरदीप सिंह घई का कहना है कि बंद के लिए पहले से ही तैयारी की गई थी। फिलहाल मरीजों को दिक्कत नहीं आने दी गई।

दवा मार्केट सारा दिन बंद रही।

केमिस्टों ने नॉवल्टी चौक से रोष मार्च निकाला :

अमृतसर केमिस्ट एसोसिएशन के लोगों ने नॉवल्टी चौक से रोष मार्च निकाला और डीसी तथा सिविल सर्जन ऑफिस पहुंच कर मांग पत्र सौंपा। इस विरोध प्रदर्शन में पंजाब केमिस्ट एसोसिएशन महासचिव सुरिंदर दुग्गल, जिला प्रधान संजीव भाटिया, सुरिंदर शर्मा आदि शामिल हुए। दुग्गल ने कहा कि सरकार नशा रोकने की आड़ लेकर केमिस्टों पर पुलिसिया कार्रवाई करती है, जबकि इसके विपरीत ऑन लाइन बिक्री के जरिए ऐसी दवाओं की सप्लाई होती है, लेकिन सरकार इस तरफ ध्यान नहीं देती। राष्ट्रीय स्तर पर केमिस्टों ने फैसला किया है कि मामले की अगली रणनीति तय करने के लिए 21-22 को दिल्ली में बैठक होगी

वेस्टर्न डिस्टरबेंस | अचानक हुई बरसात से किसान उलझन में

बारिश के बीच भंडारी पुल के पास गुजरते वाहन।

अमृतसर | 22 से 24 सितंबर तक हुई तेज बारिश से किसान अभी उबर भी नहीं पाया है कि शुक्रवार रात करीब 8 बजे मौसम का मिजाज फिर से बिगड़ गया। इस कारण खेतों में खड़ी और मंडियों में पड़ी अगेती धान की फसल को लेकर किसानों के आगे संकट खड़ा हो गया है, क्योंकि पहले लगातार दो दिन तक हुई बारिश का पानी अभी खेतों में ही जमा है, वहीं अब ऊपर से और बारिश हो गई।

आज भी हो सकती है बारिश : मौसम विभाग के डायरेक्टर सुरिंदर पाल ने बताया कि बारिश वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण हुई है और शुक्रवार से शनिवार तक तेज हवा के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।

निगम ने महासिंह गेट के अंदर बिल्डिंग का जर्जर हिस्सा ढहाया

अमृतसर | नगर निगम कमिश्नर सोनाली गिरि की हिदायतों पर म्युनिसिपल टाउन प्लानिंग विभाग ने महा सिंह गेट के अंदर एक इमारत के जर्जर हिस्से को गिराया। असिस्टेंट टाउन प्लानर (ए टी पी) परमिंदरजीत सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने शुक्रवार दोपहर को यह कार्रवाई की। अधिकारियों के मुताबिक इमारत के जर्जर हिस्सा किसी हादसे का कारण न बने, इसलिए इसे गिराया गया है। इस मौके पर एटीपी राजदीप कौर, बिल्डिंग इंस्पेक्टर मलकीत सिंह और नवदीप कुमार मौजूद थे।

चड्ढा डॉ. संतोख सिंह का हाल जानने पहुंचे अस्पताल, विवाद

अणखी ग्रुप बोला-जेल सुपरिंटेंडेंट की मंजूरी जरूरी

भास्कर न्यूज़ | अमृतसर

अस्पताल में दाखिल चीफ खालसा दीवान (सीकेडी) के पूर्व प्रधान डॉ. संतोख सिंह का हालचाल पूछने के लिए उनके पूर्ववर्ती रहे प्रधान चरनजीत सिंह चड्ढा शुक्रवार को अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने डॉक्टर से चीफ खालसा दीवान के आगामी चुनाव के बारे भी विचार-विमर्श किया।

डॉ. संतोख सिंह को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने जमीनी जालसाजी के दोष में पांच साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद उन्हें जेल भेजा था, लेकिन तबीयत ठीक न होने से इलाज के लिए गुरु नानक देव अस्पताल में दाखिल कराया था। बदलते घटनाक्रम पर उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके साथ ही नए चुनाव के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई। दूसरी तरफ जेल सुपरिंटेंडेंट की मंजूरी के बिना इस मुलाकात पर विवाद पैदा हो गया है। चीफ खालसा दीवान में चड्ढा गुट के विरोधी भाग सिंह अणखी ग्रुप ने कहा कि मामले की जांच होनी चाहिए कि चड्ढा डॉ. संतोख सिंह को बिन किसी लिखित स्वीकृति कैसे मिलने चले गए।

इस संबंध में जब चरणजीत सिंह चड्ढा से बात की तो उन्होंने कहा कि वह डॉ. संतोख सिंह का हाल जानने पहुंचे थे। वह एक पारिवारिक मेंबर



घर में अकेली महिला ने खुद को मारी गोली, मौत

न्यू गोल्डन एवेन्यू की घटना, पति-बेटा घर नहीं थे

भास्कर न्यूज़ | अमृतसर

न्यू गोल्डन एवेन्यू में रहती बलजीत कौर नाम की महिला ने वीरवार देर रात करीब 11 बजे अपने पति के लाइसेंसी रिवाल्वर के साथ खुद को गोली मार कर सुसाइड कर लिया। महिला ने खुद को गोली किन कारणों से मारी, इस संबंधी अभी कुछ भी क्लियर नहीं है, क्योंकि जिस वक्त महिला ने खुद को गोली मारी, घर पर कोई भी नहीं था। महिला का पति तिलक राज और दो बेटे सुनार का काम करते है। उस समय कोई भी घर पर नहीं था। तीनों ही अपने काम के सिलसिले से शहर से बाहर गए थे। बलजीत कौर अपने पति तिलक राज और दो बेटों के साथ न्यू गोल्डन एवेन्यू में रहती थी। उसका बेटे व पति सुनार का काम करते है। दोनों बेटे शहर से बाहर व्यापार के काम से गए थे। पति भी अपने काम से कहीं गया था। रात को महिला घर पर अकेली थी। इसी दौरान घर के अंदर से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। आस-पड़ोस वाले तुरंत भाग कर पहुंचे तो देखा कि महिला ने खुद को गोली मार ली थी। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने आकर महिला को अस्पताल पहुंचाया, मगर उसकी मौत हो चुकी थी। एडीसीपी जगजीत सिंह वालिया ने कहा कि महिला की मौत के कारण क्लियर नहीं है। वह जांच कर रहे हैं।

बदलते मौसम में बढ़ती हैं सुसाइड की घटनाएं : डॉ. सविंदर

विद्या सागर मेंटल अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. सविंदर सिंह कहते हैं कि मौसम में जब भी तब्दीली आती है तो तनाव बढ़ता है और तनाव के कारण इंसान में आत्महत्या की संभावना बढ़ती है। सर्दियों में इसके चांसेज ज्यादा होते हैं।

बिजली चोरी से चल रहीं 2 चक्कियों पर छापा, 6 लाख जुर्माना

भास्कर न्यूज़ | अमृतसर

पावरकॉम के इंफोर्समेंट-1 ने मजीठा में रात 9 बजे छापा मारा। इस दौरान बिजली चोरी से चल रही दो चक्की मालिकों को काबू किया। इंफोर्समेंट के एक्सईएन कुलविंदर सिंह, एक्सईएन राजीव पराशर, विक्रमजीत सिंह और पुलिस अधिकारी रणजीत सिंह के साथ जब छापा मारा तो ये दोनों चक्कियां सीधी कुंडी से चलती हुई पाई गईं। उन्होंने वीडियोग्राफी कर उन पर छह लाख जुर्माना लगाया गया। इंफोर्समेंट एक्सईएन कुलविंदर सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि मजीठा के गांव गालोवाली में दो लोग सीधी कुंडी लगाकर अपनी चक्कियां चला रहे थे। दोनों चक्की मालिक बिजली चोरी करते पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई बिजली चोरी करता पाया जाता है, उसके खिलाफ मामला दर्ज करवाकर जेल भेजा जाएगा।